Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

➢ कार्यालय कनिष्ठ अभियंता, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बस्सी तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर के संदीप द्विवेदी कनिष्ठ अभियंता 2500/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

जयपुर दिनांक 12 नवम्बर, बुधवार। को ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर सीकर ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **संदीप द्विवेदी कनिष्ठ अभियंता कार्यालय कनिष्ठ अभियंता, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बस्सी तहसील श्रीमाधोपुर जिला, सीकर** को परिवादी के प्रधान मंत्री सुर्य घर योजना के तहत सोलर मीटर जारी करने की एवज में दिनांक 11.11.2025 को परिवादी से 2500/– रूपये बतौर रिश्वत की मांग करने तथा मांग के अनुसरण में आज दिनांक 12.11.2025 को परिवादी से 2500/– रूपये बतौर रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस–प्रथम श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी की सीकर ईकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी संदीप द्विवेदी कनिष्ठ अभियंता कार्यालय कनिष्ठ अभियंता, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बस्सी तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर को परिवादी से 2500/– रूपये बतौर रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी कनिष्ठ अभियंता से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।